# सुधर रही प्रदेश की अर्थव्यवस्था, पूरा होगा विकास का लक्ष्य : मुख्य सचिव

जासं • लखनऊ : देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा है, इसका एक बड़ा कारण है जीडीपी में निरंतर ग्रोथ। सरकार का विजन स्पष्ट है। पांच ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य अवश्य पूरा होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को क्लब आफ लखनऊ की बैठक में प्रदेश के समग्र विकास और प्रगति पर अपना विजन प्रस्तुत किया।

गोमती नगर के होटल रनबीर में आयोजित क्लब आफ लखनऊ के सदस्यों को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव व क्लब के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में बहुत सुधार किया जा रहा है। टाटा समूह की निगरानी में आइटीआइ उन्नति कर रहे हैं। उन्होंने जेवर एयरपोर्ट के आसपास कृषि योग्य जमीनों पर खेती के साथ बागवानी पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन व अनूप चंद्र पांडेय की उपस्थिति में समाजसेवी वर्षा वर्मा, रोहित कुमार मीत, अथर्व बहादुर व शालू सिंह को सम्मानित किया। इस मौके पर क्लब के वाइस चेयरमैन शरद प्रधान, जनरल सेक्रेटरी गोपाल सिन्हा, इतिहासकार रवि भट्ट, आरएस सिन्हा आदि उपस्थित थे।

गोमतीनगर होटल रणवीर में क्लब आफ लखनऊ की ओर से आयोजित संवाद कार्यक्रम में सम्मानित लोगों के साथ मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, पूर्व मुख्य सचिव अनूप चन्द्र पांडेय और क्लब के महासचिव गोपाल सिन्हा • जागरण

मेजर एके सिन्हा और डा. आशा सिंह • जागरण

संवाद कार्यक्रम में काव्य पाठ करते पूर्व आइएएस जयशंकर मिश्रा • जागरण

कथक रेखा चौहान और साधना अग्रवाल • जागरण

रवि भट्ट, स्मिता और रीनू शर्मा • जागरण